"प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस"
कार्यालय- प्राचार्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी,(म.प्र.)
26.09.18 को नैक द्वारा B++ ग्रेड प्राप्त , अग्रणी महाविद्यालय, जिला- कटनी ,
Phone : 07622-292113, E-Mail : gtc_katni@yahoo.co.in, hegtckat@mp.gov.in

क्रं./ 700 /शातिम/पुस्त./2025–26 कटनी, दिनांक 28/8/25

# पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रण 2025–26

महाविद्यालय पुस्तकालय में वर्ष 2025–26 के लिए विभिन्न मदों से पुस्तकें क्रय हेतु **प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी (म.प्र.)** के नाम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा निम्नलिखित विवरण एवं शर्तों के अनुसार सील बंद लिफाफे में निविदा प्रकाशन दिनांक से 21 दिवस तक रजिस्टर डाक/स्पीड पोस्ट/स्वयं के माध्यम से कार्यालीन समय में जमा करना है। लिफाफे के ऊपर ''**पुस्तकें क्रय हेतु निविदा 2025–26**'' लिखना अनिवार्य है।

| क्रं. | पुस्तकों का प्रकार | छूट की दर प्रतिशत में |
|---|---|---|
| 1 | समस्त पाठ्य पुस्तकें, साहित्यिक पुस्तकें कहानी उपन्यास, नाटक, कविता निबंध एवं समस्त संदर्भ पुस्तकें (हिन्दी एवं अंग्रेजी) | |
| 2 | समस्त प्रेरणादायक, प्रतियोगी परीक्षाओं, भारतीय ज्ञान परम्परा एवं अन्य समस्त प्रकार की पुस्तकें। (हिन्दी एवं अंग्रेजी) | |
| 3 | समस्त विदेशी प्रकाशन (भारतीय मुद्रा में परिवर्तित मूल्य) | |
| 4 | ई–जर्नलस/ई–बुक्स | |

## निविदा की शर्तें:–

1. **निविदायें उपरोक्त प्रारूप में ही प्रस्तुत करना अनिवार्य है अन्य प्रारूप में प्रस्तुत निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।**
2. निविदा के साथ अमानत राशि रूपये 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) बैंक ड्राफ्ट जो कि प्राचार्य, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के नाम देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
3. आदेशित सभी पुस्तकों की आपूर्ति निर्धारित समय सीमा में करना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर क्रय आदेश स्वतः निरस्त माना जायेगा। पुस्तकों की आपूर्ति न करने की स्थित में अनापूर्ति प्रमाण पत्र प्रेषित करना होगा।
4. एफ. ओ. आर. शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी परिसर होगा।
5. पुस्तकें नवीन संस्करण एवं पाठ्यक्रमानुसार होनी चाहिए अन्यथा आपके स्वयं के व्यय पर पुस्तकें आपको वापिस भेज दी जायेगी।
6. पुस्तकों पर मुद्रित मूल्य ही मान्य होगा स्लिप चिपका कर या काटकर किया गया संसोधन मान्य नहीं होगा। मुद्रित मूल्य न होने पर प्राइज प्रूफ संलग्न करना अनिवार्य है।
7. निविदा के साथ आयकर विभाग के PAN No. की प्रति संलग्न करना आवश्यक है।
8. उक्त निविदायें **30.06.2026** तक ही वैध रहेगीं।
9. पुस्तकों के क्रय/निविदा सम्बंधी समस्त कानूनी अधिकार प्राचार्य, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी (म.प्र.) के पास सुरक्षित होगें।
10. यह निविदा जिला कटनी के बड़वारा, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा, उमरियापान, सिलौड़ी एवं रीठी में स्थित शासकीय महाविद्यालय जिनका डी.डी.ओ. शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी है के लिये भी मान्य होगी एवं उनके लिए एफ.ओ.आर संबंधित महाविद्यालय होगा।

Prajapati
ग्रंथपाल
LIBRARIAN
Govt. Tilak P.G. College
Katni (M.P.)

28/8/25
प्राचार्य
Principal
Govt. Tilak P.G. College
Katni (M.P.)